पत्रांक–सं0सं0–6/N –15–24/2025......802(6)

# बिहार सरकार
## स्वास्थ्य विभाग
## !! निदेशालय स्वास्थ्य सेवाएँ !!

प्रेषक,

डॉ0 प्रमोद कुमार सिंह,
निदेशक प्रमुख (नर्सिंग)।

सेवा में,

सभी सिविल सर्जन,
बिहार।

पटना, दिनांकः 10/07/2025

**विषयः** **महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता (ए0एन0एम0) के स्वीकृत बल, कोटिवार कार्यरत बल एवं रिक्ति की सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।**

**प्रसंगः** **विभागीय पत्रांक–725(6), दिनांक–25.06.2025**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ए0एन0एम0) के रिक्त पदों पर नियुक्ति की कार्रवाई करने हेतु ए0एन0एम0 के स्वीकृत बल, कोटिवार कार्यरत बल एवं रिक्ति की सूचना उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया था, जिसके आलोक में कतिपय जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन में कार्यरत बल की कोटि की गणना में प्रथम दृष्टया त्रुटि परिलक्षित होता है। **कार्यरत बल की कोटि की गणना कर्मी के चयन कोटि (Selection Category) के आधार पर किया जाना है न कि उसके मूल कोटि के आधार पर।** अभी हाल ही में विभागीय आदेश संख्या–577(6), दिनांक– 29.05.2025 द्वारा की गई नियुक्ति/पदस्थापन में कर्मियों की चयन कोटि **(Selection Category)** स्पष्ट उल्लेख है। साथ ही वर्ष 2019 में ए0एन0एम0 की नियुक्ति हेतु विभागीय आदेश संख्या–1064(6), दिनांक–20.08.2019 द्वारा निर्गत जिला आवंटन आदेश के साथ अभ्यर्थियों की संलग्न सूची में प्रत्येक पृष्ठ पर अभ्यर्थियों के चयन कोटि **(Selection Category)** स्पष्ट रूप से अंकित है। उक्त दोनों पत्र विभागीय वेबसाई पर Transfer/Posting Tab में देखा जा सकता है। इससे पूर्व वर्ष–2015 में ए0एन0एम0 के पद पर नियुक्ति हेतु निर्गत जिला आवंटन आदेश के उपरान्त सभी जिला को प्रेषित डोजियर में अभ्यर्थियों की चयन कोटि का उल्लेख है। इसके पूर्व ए0एन0एम0 की नियुक्ति जिला स्तर पर ही नियुक्ति की गई है। जिले के अन्तर्गत कार्यरत महिला स्वास्थ्य कार्यकत्ताओं (ए0एन0एम0) की कोटि की गणना उनके चयन कोटि **(Selection Category)** के आधार पर करते हुए वांछित सूचना निम्नवत् विहित प्रपत्र में अपेक्षित है :–

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | ए0एन0एम0 के कुल स्वीकृत पद | कोटिवार कार्यरत बल | | | | | | | कुल कार्यरत बल | रिक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | SC | ST | EBC | BC | WBC | EWS | UR | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | | 10 | 11 |

अतः सभी सिविल सर्जन को निदेश दिया जाता है कि ए0एन0एम0 के स्वीकृत बल, कोटिवार कार्यरत बल एवं रिक्ति की सूचना उक्त विहित प्रपत्र में 24 घंटे के अन्दर शत–प्रतिशत शुद्धता के साथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। जिस जिले से प्रतिवेदन भेज दिया गया है वे इस पत्र में दिये गये निदेश एवं विहित प्रपत्र से मिलान कर प्रतिवेदन की शुद्धता से आश्वस्त हो लेगें। पूर्व में प्रेषित सूचना बेमेल एवं विहित प्रपत्र में नहीं होने पर नये सिरे से पूर्ण शुद्धता के साथ 24 घंटे के अन्दर वांछित सूचना उपलब्ध करायेंगे।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

विश्वासभाजन

10/7/25

**(डॉ प्रमोद कुमार सिंह)**
निदेशक प्रमुख (नर्सिंग)।

D:\Vyas Jee

ज्ञापांक : सं0सं0–6 / एन0–15–24 / 2025– 802(6) पटना दिनांक 10 / 07 / 2025

**प्रतिलिपिः–** आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Sd/- 10/7/25

**निदेशक प्रमुख (नर्सिंग)।**

D:\Vyas Jee